भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न सं. *106
11 फरवरी, 2022 को उत्तर के लिए नियत

'फेम इंडिया' योजना के चरण-।। की स्थिति

106*. श्री सतीश चंद्र दुबे:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तेजी से विनिर्माण और इस्तेमाल किए जाने संबंधी योजना (फेम इंडिया) के दूसरे चरण के कार्यान्वयन की पूरे भारत में क्या स्थिति है;

(ख) बिहार राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (ई वी) के लिए चार्जिंग स्टेशनों का शहर-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में सरकार के पास लंबित प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने ऐसा कोई प्रस्ताव किया है जिसके अन्तर्गत निश्चित दूरी पर कम-से-कम एक ई वी चार्जिंग स्टेशन हो, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) से (घ)*:* विवरण सभापटल पर प्रस्तुत है।

*****

<u>विवरण</u>

'फेम इंडिया' योजना के चरण-।। की स्थिति के संबंध में, राज्यसभा में 11.02.2022 को उत्तर के लिए नियत श्री सतीश चंद्र दुबे के तारांकित प्रश्न संख्या 106 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क): महोदय,भारत में (हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण (फेम इंडिया) का चरण-।। कुल 10,000 करोड़ रूपए की बजटीय सहायता से 01 अप्रैल,2019 से 5 वर्ष की अवधि के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है। इस चरण में, सार्वजनिक और साझा परिवहन के विद्युतीकरण के लिए सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य सब्सिडी के माध्यम से 7090 ई-बसों, 5 लाख ई-तिपहियों, 55000 ई-चौपहिया यात्री कारों और 10 लाख ई-दुपहियों के लिए सहायता प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोक्ताओं में रेंज संबंधी चिंता को दूर करने के उद्देश्य से चार्जिंग अवसंरचना सृजन करने के लिए भी सहायता दी जाती है।

01.02.2022 तक की स्थिति के अनुसार, फेम इंडिया स्कीम के चरण-।। के अंतर्गत 2.3 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मांग प्रोत्साहन के रूप में सहायता दी जा चुकी है। साथ ही,भारी उद्योग मंत्रालय ने 26 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों में इंटरसिटी और इन्ट्रासिटी प्रचालन के लिए 65 नगरों/राज्य परिवहन उपक्रमों/नगर परिवहन उपक्रमों/राज्य सरकार की इकाइयों के लिए 6315 ई-बसें संस्वीकृत की हैं। इस मंत्रालय ने 25 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के 68 नगरों के लिए 2,877 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन भी संस्वीकृत किए हैं। साथ ही, फेम इंडिया स्कीम के चरण-।। के अंतर्गत 9 एक्सप्रेसवे और 16 राजमार्गों के लिए भी 1576 चार्जिंग स्टेशन मंज़ूर किए गए हैं।

(ख) : महोदय,भारी उद्योग मंत्रालय ने फेम इंडिया स्कीम के चरण-।। के अंतर्गत बिहार राज्य में पटना के लिए 37 चार्जिंग स्टेशन मंज़ूर किए हैं। साथ ही,पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से प्राप्त सूचना के मुताबिक, 01.01.2022 तक की स्थिति के अनुसार, बिहार राज्य में तेल विपणन कंपनियों के खुदरा बिक्री केंद्रों पर 26 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन लगाए जा चुके हैं।

(ग) : महोदय, ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(घ) : विद्युत मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार,राजमार्ग के दोनों ओर प्रत्येक 25 किलोमीटर पर कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन और राजमार्ग के दोनों ओर प्रत्येक 100 किलोमीटर पर लांग रेंज/हेवी ड्यूटी वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाना है। नगर के लिए 3x3 किलोमीटर के ग्रिड में कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा।

*****